# आचरण के सिद्धांत

Givaudan

engage your senses



# विषयवस्तु

## कानूनी और नैतिक व्यावसायिक व्यवहार


कानून और Givaudan नीतियों का अनुपालन ..... 6
रिश्वत और भ्रष्टाचार ..... 6
उपहार और मनोरंजन ..... 6
प्रतिस्पर्धा कानून ..... 7
आंतरिक लेनदेन ..... 7
हितों का टकराव ..... 7
नैतिक व्यवहार ..... 7


## उत्तरदायी कॉर्पोरेट नागरिकता


मानवाधिकार ..... 8
पर्यावरण परिरक्षण ..... 8
विविधता और न्यायपूर्ण व्यवहार ..... 9
निष्पक्ष नियोजन मानक और सुरक्षित कार्य-परिवेश ..... 9
बाल श्रम ..... 9


## Givaudan की परिसंपत्ति का संरक्षण


Givaudan के विरुद्ध धोखाधड़ी ..... 10
मुक्त संचार ..... 10
गोपनीय जानकारी, व्यापारिक रहस्यों और बौद्धिक संपदा का संरक्षण ..... 11
अनुसंधान,विकास,अनुप्रयोग और सृजन में आचरण ..... 11


## हम सिद्धांतों के अनुसार कैसा आचरण करते हैं


हम सभी अपने सिद्धांतों के अनुपालन के लिए उत्तरदायी हैं ..... 12
उल्लंघन की रिपोर्ट करना ..... 12
उच्च नैतिक मानकों का पालन करने वाले व्यावसायिक भागीदारों के साथ हम व्यवसाय करने का भरसक प्रयास करते हैं। ..... 12


## हमसे संपर्क करें





# हम जिन मूल्यों को जीते हैं

प्रतिदिन, Givaudan, यादगार सुगंध तथा खुशबू का निर्माण करके दुनियाभर के लाखों लोगों की ज़िंदगी पर प्रभाव डालती है। अपने ग्राहकों के साथ, हम ग्राहकों के लिए खुशियों के पल तैयार करने के अपने मिशन में सफल हैं। हम ऐसा इसलिए कर सके क्योंकि हम प्रेरणामय, चुनौतीपूर्ण और मन लगाकर काम करने की अपनी संस्कृति को ज़िंदगी में लाते हैं।

इस संस्कृति के मूल्य हमारे मानकों का वर्णन करते हैं और काम करने के हमारे तरीकों के लिए हमारा मार्गदर्शन करते हैं। हम अपने सभी हितधारकों – ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, शेयरधारकों, कर्मचारियों,प्रतिस्पर्धियों,सरकारी एजेंसियों और जिन समुदायों में हम परिचालन करते हैं, उनके लिए हम उच्च स्तर के नैतिक मानकों के अनुसार व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन हितधारकों के साथ मुक्त, पारदर्शी और ईमानदारीपूर्ण व्यवहार हमें जिम्मेदारी के साथ प्रगति करने देता है तथा अपनी सफलता साझा करने देता है।

Givaudan के आचरण के सिद्धांतों में हमारी नैतिक प्रतिबद्धता प्रकट होती है। उदाहरण प्रस्तुत करना और इन सिद्धांतों का पालन करना हमारे दैनिक कार्य का हिस्सा है।

यह दस्तावेज़ हमारे सामने आ सकने वाले सबसे सामान्य परिदृश्यों के लिए उपयोगी मार्गदर्शन भी प्रदान करता है। अपनी कार्रवाइयों, विकल्पों और निर्णयों के बारे में सोचते समय यह जांच बिंदु की तरह काम करता है। यह जीत की संस्कृति और हमारी कंपनी की प्रतिष्ठा का निर्माण करने में हमारी सहायता करेगा।

इन सिद्धांतों के अनुसार काम करने से, हमें Givaudan के अच्छे नाम और प्रतिष्ठा को बनाए रखने में मदद मिलेगी जिसे हमने अपने भागीदारों के साथ लंबे समय से एवं समृद्ध इतिहास से बनाया है।

Calvin Grieder
बोर्ड के चेयरमैन

Gilles Andrier
मुख्य कार्यकारी अधिकारी

# हमारे सिद्धांत

Givaudan के आचरण सिद्धांत, Givaudan समूह के सभी कर्मचारियों पर लागू होते हैं। इन सिद्धांतों के लिए नैतिक प्रतिबद्धता हमारी कंपनी की संस्कृति का आधार है।

हम अपने व्यावसायिक व्यवहार और लेनदेन में इन सिद्धातों का हर समय अनुपालन करते हैं। जो कर्मचारी इन सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं या इनका पालन नहीं करते हैं, उन पर अनुशासनात्क कार्रवाई की जा सकती है तथा इसमें निष्कासन तक शामिल है।



# कानूनी और नैतिक व्यावसायिक व्यवहार

## कानून और Givaudan की नीतियों का अनुपालन

Givaudan एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक है। सभी कर्मचारी इसमें महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यह महत्त्वपूर्ण है कि जिन देशों में हम परिचालन करते हैं, उन देशों के सभी लागू कानूनों का हम अनुपालन करें। हम इन सिद्धांतों में प्रतिबिंबित होने वाले उच्च नैतिक मानकों के साथ-साथ हम पर, हमारे कामकाज या कार्यों पर लागू होने वाली अन्य Givaudan नीतियों का पालन करते हैं- भले ही ऐसी नीतियां जिस देश में हम काम करते है, वहाँ के कानून की न्यूनतम आवश्यकता से अधिक कठोर हों।

## रिश्वत और भ्रष्टाचार

रिश्वत और भ्रष्टाचार के लिए हम शून्य असहिष्णुता रखते हैं और हम सुविधा शुल्क का भुगतान नहीं करते हैं।

हम व्यवसाय या अन्य सेवाओं को अनुचित तरीके से पाने, उन्हें बनाए रखने अथवा उन्हें संचालित करने के लिए तृतीय-पक्ष के माध्यम से किसी सरकारी, राजनीतिक दल या सरकार द्वारा नियंत्रित निकाय को और न ही निजी क्षेत्र के निकाय में काम करने वाले व्यक्ति को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, कोई गैरकानूनी भुगतान, रिश्वत या किसी अन्य लाभ की पेशकश नहीं करते हैं, जैसे कि Givaudan के वैश्विक रिश्वत-रोधी, उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य नीतियों में अधिक स्पष्ट किया गया है।

## उपहार और मनोरंजन

हमारा मानना है कि गुणवत्ता, सेवा, कीमत और अनुकूलता के आधार पर व्यवसाय के लिए प्रयास करके उसे प्राप्त किया जाना चाहिए, न ही किसी अनुचित कारण के आधार पर।

हम अपने व्यवसाय के संबंध में Givaudan की वैश्विक रिश्वत-रोधी, उपहार, मनोरंजन और आतिथ्य नीति में निर्दिष्ट सीमा के अनुसार कम कीमत के गैर-मौद्रिक उपहार देने और स्वीकार करने, यथोचित मनोरंजन या आतिथ्य देने को छोड़कर तृतीय पक्षों से उपहार,मनोरंजन और आतिथ्य की याचना नहीं करते हैं या उसे स्वीकार नहीं करते हैं।



## प्रतिस्पर्धा कानून

हम निष्पक्ष, प्रतिस्पर्धी और स्वस्थ, मुक्त बाज़ार व्यवस्था में विश्वास करते हैं जिसमें हम आक्रामक तरीके से लेकिन निष्पक्ष रूप से स्पर्धा कर सकते हैं।

हम लागू होने वाले सभी स्पर्धारोधी, प्रतिस्पर्धा और व्यावसायिक व्यवहार के कानूनों के अनुसार बाज़ार में अपने सभी प्रयास करते हैं।

यदि प्रतिस्पर्धा कानून के अनुपालन के बारे में कोई प्रश्न या संदेह हो या यदि हमें व्यापार शो अथवा इसी तरह के ईवेंट में प्रतिस्पर्धियों से बातचीत करना हो तो हम प्रतिस्पर्धी कानून के बारे में स्मारिका का ध्यान रखते हैं और सलाह एवं मार्गदर्शन के लिए समूह के विधि विभाग संपर्क करते हैं।

## आंतरिक लेनदेन

हम पूंजी बाज़ार की कार्य-पद्धति के आधार पर “सफल होने के लिए निष्पक्ष एवं समान अवसर” में विश्वास रखते हैं, जिसमें वित्त बाज़ार की पारदर्शिता के साथ-साथ निवेशकों का निष्पक्ष और समान व्यवहार भी शामिल है।

हम किसी गैर-सार्वजनिक सूचना का कोई अनुचित फायदा नहीं उठाते हैं जिसका प्रभाव Givaudan के शेयर की कीमत पर हो सकता है। हम किसी भी Givaudan प्रतिभूति का लेनदेन करने या दूसरों को ऐसे लेनदेन करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करते हैं।

हम Givaudan की आंतरिक लेनदेन नीतियों का सख्ती से पालन करते हैं।

## हितों का टकराव

हमें ऐसी स्थिति से बचना चाहिए जिससे हमारे व्यक्तिगत हितों में या Givaudan के हितों के साथ टकराव हो सकता हो।

हम वास्तव में Givaudan को समर्पित किए जाने वाले समय या ध्यान को प्रभावित करने वाले बाहरी हितों के साथ-साथ तृतीय-पक्ष के साथ किसी ऐसे हित या रिश्ते से बचते हैं जिसके कारण व्यावसायिक निर्णय या फैसले अनुचित रूप से प्रभावित होते हैं या जिसके कारण हमें या हमारे परिवार को व्यक्तिगत रूप से लाभ होता है।

अगर हमें लगता है कि संभावित रूप से हित टकराव हो सकता है और जिसे टाला नहीं जा सकता है तो संभावित हित टकराव को समाप्त करने के लिए हमें अपने प्रबंधक को इस संबंध में बता देना चाहिए। यदि हमें हित-टकराव को टालने के लिए और भी मार्गदर्शन की जरूरत हो तो हमें Givaudan के हित-टकराव संबंधी नीतियों पर भी विचार करना चाहिए।

## नैतिक आचरण

Givaudan, हर समय व्यावसायिक आचरण के सबसे उच्च नैतिक मानकों का अनुपालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रतिदिन, हम अपनी सभी व्यावसायिक गतिविधियों में बाहरी कानूनों और विनियमों के साथ-साथ अपनी नीतियों, कार्य-पद्धतियों तथा प्रक्रियाओं का पालन करते हैं। हम ऐसी संस्कृति उपलब्ध कराते हैं कि जहां हम स्वतंत्रतापूर्वक चर्चा कर सकें और नैतिक और कानूनी मुद्दे को रिपोर्ट कर सकें।

# उत्तरदायी कॉर्पोरेट नागरिकता

## मानवाधिकार

हम जहां भी व्यवसाय करते हैं, वहां मानवाधिकार का पालन करने और कर्मचारियों, ठेकेदारों एवं आगंतुकों को सुरक्षित और स्वस्थ कार्य-दशाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हम अपनी मौजूदगी वाले समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने का भरसक प्रयास करते हैं।

## पर्यावरण परिरक्षण

हम यह जानते हैं कि भावी पीढ़ियों के लिए पर्यावरण और पृथ्वी की जैव-विविधता के संरक्षण में योगदान देना एक महत्वपूर्ण दायित्व है।

हम उर्जा और पदार्थों का कुशलतापूर्वक उपयोग करने, पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव और अपशिष्ट निर्माण को न्यूनतम करने तथा अवशिष्ट पदार्थ का सुरक्षित एवं उत्तरदायी निपटान करने पर विचार करते हुए Givaudan की गतिविधियों को इस तरीके से पूरा करने का भरसक प्रयास करते हैं जो सुरक्षित और साफ पर्यावरण को संरक्षित एवं प्रोत्साहित करती हैं।

Givaudan की पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति जिन देशों में हम परिचालन करते हैं, वहां हमारे व्यवसाय पर लागू होने वाले पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों का पालन करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देती है।

## विविधता और निष्पक्ष व्यवहार

हम विविधता को बढ़ावा देते हैं और हम एक ऐसा कार्य-परिवेश बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें कर्मचारियों के बीच व्यक्तिगत मत-भिन्नता का सम्मान किया जाता है।

हम जहाँ परिचालन करते हैं, वहां के विभिन्न समुदायों को दर्शाने वाले प्रतिनिधि कार्यबल को प्रोत्साहित करते है और उनका समर्थन करते हैं।

हम नस्ल, आयु, लिंग, राष्ट्रीयता, धर्म अथवा कार्य-निष्पादन के लिए अप्रासंगिक अन्य श्रेणी पर ध्यान दिए बिना निष्पादित किए जाने वाले कार्य के लिए आवश्यक योग्यता और क्षमता के आधार पर ही कर्मचारियों की भर्ती करते हैं, उन्हें नियुक्त करते हैं और पदोन्नति प्रदान करते हैं।

हम एक ऐसा कार्य-परिवेश उपलब्ध कराने और उसमें योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है जो कर्मचारियों में आपस में सम्मान की भावना पर आधारित हो तथा जो नस्ल, आयु, लिंग, राष्ट्रीयता अथवा धर्म आधारित उत्पीड़न से मुक्त हो।



## निष्पक्ष नियोजन मानक और सुरक्षित कार्य-परिवेश

Givaudan के सभी कर्मचारियों के लिए ऐसे कार्य-परिवेश को प्रोत्साहित करते हुए हम निष्पक्ष नियोजन मानक मे विश्वास करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम अपना व्यवसाय सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण में कर रहे हैं तथा हम सभी Givaudan के मूल्यों एवं संस्कृति को जी सकें।

हम सुरक्षित,स्वस्थ और सम्मानजनक कार्यशील परिवेश प्रदान करने में योगदान देते हैं जो किसी भी प्रकार के अप्रिय या अमानवीय व्यवहार तथा असुरक्षित दशाओं से मुक्त हो।

हम अपना काम सुरक्षित तरीके से करने तथा सभी स्वास्थ्य और सुरक्षा-कार्यक्रमों, नीतियों, प्रक्रियाओं तथा कानूनों का पालन करने के लिए जिम्मेदार हैं।

हम प्रत्येक कर्मचारी द्वारा स्वतंत्रतापूर्वक अपना रोजगार चुनने और एसोसिएशन की स्वतंत्रता तथा सामूहिक सौदेबाज़ी करने के अधिकार का सम्मान करते हैं।

हम उचित पारिश्रमिक देते हैं, अपने कर्मचारियों से अत्याधिक काम के घंटों की मांग नहीं करते हैं तथा पारिश्रमिक और घंटों के संबंध में लागू होने वाले सभी कानूनों का पालन करते हैं।

## बाल श्रम

हम बाल-शोषण तथा बलात् श्रम नहीं करवाते हैं या इसके किसी भी स्वरूप को बर्दाश्त नहीं करते हैं।

हम बच्चों द्वारा अपनी अनिवार्य शिक्षा और 15 वर्ष की आयु पूरी किए जाने से पहले किसी भी स्थिति में उन्हें नियोजन उपलब्ध नहीं कराते हैं।

हम शोषण करने वाले या बाल या बलात् श्रम करवाने वाले आपूर्तिकर्ताओं के साथ सहभागिता नहीं करते हैं।

# Givaudan की परिसंपत्ति का संरक्षण

## Givaudan के विरुद्ध धोखाधड़ी

हम समझते हैं, कर्मचारी होने के नाते, हमें Givaudan की परिसंपत्ति एकमात्र काम करने के उद्देश्य के लिए सुपुर्द की गई है।

हम Givaudan की संपत्ति का संरक्षण करते हैं और किसी भी अनधिकृत उद्देश्य के लिए हम उनका उपयोग नहीं करते हैं। यह तथ्य धन, मशीनरी, आईटी उपकरण जैसी भौतिक संपत्ति के साथ-साथ फ़ॉर्मूला, विचारों, डेटा और सूचना जैसी अमूर्त संपत्ति पर भी लागू होता है।

## मुक्त संचार

हमें अपनी सहयोगात्मक संस्कृति पर गर्व है और हम मुक्त और पारदर्शी संचार में विश्वास करते हैं और उसे आमंत्रित करते हैं।

हम गोपनीय जानकारी और व्यापारिक रहस्यों को सुरक्षित रखते समय एक दूसरे के साथ ईमानदारीपूर्ण और मुक्त संचार करने का भरसक प्रयास करते हैं।

हम कंपनी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी को बाहरी हितधारकों को समय-समय पर और यथासंभव व्यापक रूप से और एकसाथ प्रसारित करते हैं।  इसे स्विस के सूचीबद्ध नियमों तथा अन्य लागू मानकों के अनुपालन में हर समय किया जाता है।



## गोपनीय जानकारी, व्यापारिक रहस्यों और बौद्धिक संपदा का संरक्षण

Givaudan का व्यवसाय, जानकारी तथा हमारे द्वारा निर्मित बौद्धिक संपदा पर निर्भर है। यह कंपनी की सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है।

हम यह जानते हैं कि ऐसी जानकारी तथा बौद्धिक संपदा को सुरक्षित और गोपनीय रखना हम सभी का कर्तव्य है।

हम गोपनीय जानकारी अथवा व्यापारिक रहस्यों का आकस्मिक प्रकटीकरण या जानबूझकर दुरुपयोग को रोकने के प्रति सचेत रहते हैं और हम सुनिश्चित करते हैं कि सभी जानकारी संग्रहण उपकरणों की विश्वसनीयता को हर समय बनाए रखा गया है।

हम Givaudan के साथ नियोजन के दौरान किसी तृतीय-पक्ष से प्राप्त गोपनीय जानकारी या व्यापारिक रहस्यों का प्रकटीकरण तब तक नहीं करते हैं, जब तक कि ऐसा करना लागू कानून के तहत आवश्यक न हो या ऐसा करने के लिए Givaudan का अनुमोदन न मिला हो।

हम इस तथ्य को व्यवहार में लाते हैं और समझते हैं कि तृतीय पक्षों से गोपनीय जानकारी केवल तभी प्रकट की जाएगी जब वे Givaudan के साथ यथोचित गोपनीयता समझौते पर हस्ताक्षर करें।

हम Givaudan के भीतर गोपनीय जानकारी या व्यापारिक रहस्यों का प्रकटीकरण केवल उन्हीं सहकर्मियों के साथ करते हैं जिनको उन रहस्यों को जानने की वैध व्यावसायिक आवश्यकता हो।

हम Givaudan की बौद्धिक संपदा और हमारे व्यापारिक भागीदारों द्वारा हमे गोपनीयता के साथ सौपी हुई बौद्धिक संपदा का संरक्षण करते हैं।

## अनुसंधान, विकास में आचरण अनुप्रयोग और सृजन

हम अनुसंधान, विकास, अनुप्रयोग और सृजन में नवपरिवर्तन के लिए सहायक मुक्त वातावरण उपलब्ध कराने में विश्वास रखते हैं। यह वातावरण किसी भी अनैतिक व्यवहार या अन्य दुर्व्यवहार से मुक्त होगा।

हम अपनी सभी अनुसंधान गतिविधियों में वैज्ञानिक प्रमाणिकता अपनाते हैं और अपने निष्कर्ष प्रकट करते समय ईमानदार रहते हैं।

लागू कानून या उद्योग के दिशा-निर्देशों के अनुसार निषिद्ध पदार्थों का हम अपने उत्पाद में उपयोग नहीं करते हैं।

# हम सिद्धांतों के अनुसार कैसा आचरण करते हैं

## हम सभी अपने सिद्धांतों के अनुपालन के लिए उत्तरदायी हैं

ये सिद्धांत हम जिन परिस्थितियों में स्वयं को पाएंगे, उस हर परिस्थिति का पूर्वानुमान नहीं लगा सकते। यदि कोई व्यक्ति किसी परिस्थिति में किस तरह का व्यवहार उचित है, के प्रति सुनिश्चित नहीं है तो हमें अपने स्थानीय अनुपालन अधिकारी, कॉर्पोरेट अनुपालन अधिकारी या विधि विभाग के सदस्य से मार्गदर्शन लेना चाहिए।

Givaudan में अनिवार्य नीतियां तथा वैश्विक स्तर पर लागू होने वाली प्रक्रियाएं हैं, तथा कुछ परिस्थितियों में स्थानीय नीतियां और प्रक्रियाएं भी लागू होती हैं। ये नीतियां हमारे इंट्रानेट साइट पर देखी जा सकती हैं। हर कर्मचारी के लिए आवश्यक है कि वह इन नीतियों और प्रक्रियाओं का पालन करे।

## उल्लंघन की रिपोर्ट करना

अगर किसी कर्मचारी को किसी ऐसे व्यवहार का पता चलता है या उसे संदेह होता है कि यह इन सिद्धांतो का उल्लंघन है तो हम इस मामले को अपने स्थानीय अनुपालन अधिकारी, कॉर्पोरेट अनुपालन अधिकारी या विधि विभाग के सामने उठा सकते हैं। नेकनीयती से, इन सिद्धांतों के गैर-अनुपालन के किसी वास्तविक या संदिग्ध मामले की रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिकार को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।

अगर कोई कर्मचारी हमारे अनुपालन अधिकारी या विधि विभाग के साथ बात करने से हिचकिचाता है तो उन्हें किसी भी मामले को उठाने के लिए Givaudan अनुपालन हेल्पलाइन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अनुपालन हेल्पलाइन गोपनीय है और कंपनी की सभी भाषाओं मे उपलब्ध है।

## उच्च नैतिक मानकों का पालन करने वाले व्यावसायिक भागीदारों के साथ हम व्यवसाय करने का भरसक प्रयास करते हैं।

हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे सभी व्यवसायिक भागीदार हमारी तरह ही उच्च नैतिक मानकों और प्रतिबद्धताओं का पालन करें। हम ऐसे व्यावसायिक भागीदार ढूंढते हैं जो हमारे नैतिक मानकों को साझा करें तथा इस लक्ष्य को पाने में हमने कई प्रक्रियाएं शामिल की हैं। इनमे विक्रेता प्रबंधन और लेखा-परीक्षण कार्यक्रम शामिल है।







# संपर्क

## Givaudan कॉर्पोरेट अनुपालन विभाग

डॉ. ॲनेट शूलर
कॉर्पोरेट अनुपालन अधिकारी
टेली. +41 22 780 9202

## Givaudan समूह विधि विभाग

रॉबर्टो गारावाग्नो
समूह अधिवक्ता
टेली. +41 22 780 9464

# Givaudan SA

Chemin de la Parfumerie 5
1214 Vernier, Switzerland

सामान्य जानकारी
टेली. + 41 22 780 9111
फ़ैक्स. + 41 22 780 9150

Givaudan SA के ‘आचरण सिद्धांत’ अंग्रेजी के साथ-साथ कंपनी की अन्य कई मुख्य भाषाओं मे प्रकाशित किए गए हैं।

© Givaudan SA, मार्च 2018